प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक– 26/08/2024 समयः 2.10पीएम

मुख्यमंत्री लोकार्पण

भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज अशोकनगर जिले की पर्यटन नगरी चंदेरी आयेगें तथा नई कृषि उपज मंडी में आयोजित श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम में शामिल होगें। कार्यक्रम के दौरान वे 2.60 करोड़ रु के 04 कार्यो का भूमिपूजन तथा 11.33 करोड़ रु के 03 कार्यो का लोकार्पण करेगें। डॉ यादव पुलिस थाना रोड से दिल्ली दरवाजा तक रोड शो भी करेगें तत्पश्चात दिल्ली दरवाजा से लक्ष्मण मंदिर के लिए प्रस्थान कर लक्ष्मण मंदिर के दर्शन एवं पूजन करेगें।

आरबीआई गवर्नर

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि जी.ई.एम, यू.पी.आई और यू.एल.आई की नई तिकडी भारत के डिजिटल भुगतान में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा प्रवर्तित यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस–यूएलआई प्लेटफॉर्म भारत में ऋण प्रक्रिया को सरल बनाएगा। यूएलआई को पिछले वर्ष प्रायोगिक परियोजना के रूप में शुरू किया गया था। इसे जल्द ही पूरे देश में लागू किया जाएगा। श्री दास बैंक के नब्बे वर्ष पूरे होने के हिस्से के रूप में बेंगलुरु में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और उभरती प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान की मौजूदा व्यवस्था से धन का त्वरित और सुरक्षित हस्तांतरण होता है। श्री दास ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम–एनपीसीआई द्वारा शुरू किए गए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस–यूपीआई से मौद्रिक लेनदेन सुगम हो गया है।

जन्माष्टमी

देशभर में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया जा रहा है। प्रदेश के उज्जैन और ओंकारेश्वर समेत सभी प्रमुख मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व को धूम–धाम से मनाने की तैयारियां की गई हैं। नर्मदापुरम में भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकाली जा रही हैं। जगदीश मंदिर में प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया है। रात 12 बजे जन्मोत्सव मनेगा। सुरभि गौशाला में जन्माष्टमी के पर्व पर गो पूजन और गो ग्रास के साथ जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। इस्कॉन मंदिर द्वारा भजन, नाट्य प्रस्तुति, प्रवचन होंगे। बांके बिहारी जी के मंदिर में भी वृंदावन की तरह उत्सव मनेगा। वहीं श्रीजी मंदिर में इस साल भी जन्माष्टमी उत्सव पर दो दिनी आयोजन होंगे। आगर मालवा जिले में मटकी फोड़, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। बैतूल के बीजासनी मंदिर में 51 किलो मिठाई, 11 किलो माखन मिश्री व पंजरी का भोग लगेगा। जबलपुर के लघु काशी पचमठा मंदिर में मंगल आरती से कृष्ण जन्मोत्सव की शुरुआत हुई। अन्य मंदिरों में भी जन्माष्टमी पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

नेत्रदान पखवाड़ा

एम्स भोपाल में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक "राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा" मनाया जा रहा है। इसका मकसद नेत्रदान के महत्त्व के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को मृत्यु के बाद अपनी आँखें दान करने को प्रेरित करना है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक, डॉक्टर अजय सिंह ने कहा, "नेत्रदान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि एम्स भोपाल न केवल विश्व–स्तरीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि जनता को नेत्रदान के महत्त्व के बारे में शिक्षित करने के लिए भी समर्पित हैं।

बारिश/मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान भोपाल, इंदौर, नमदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, रीवा, जबलपुर, शहडोल, सागर संभागों के जिलों मे अधिकांश स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज भोपाल और उसके आसपास के जिलों के साथ ही बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम जिलों भारी बारिश की चेतावनी दी है। वहीं, खरगौन, इंदौर, उज्जैन, देवास, मंदसौर जिलों में गरज–चमक के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश की वजह से कई नदी–नाले उफान पर हैं। शिवपुरी जिले में बीते 2 दिन से लगातार बारिश का क्रम जारी है। इसी बीच सिंध नदी में पानी बढ़ने के बाद कल मणिखेड़ा डैम के चार गेट खोले गए हैं। पिछले 2 साल के बाद इस बार गेट खोल खोले गए हैं। खंडवा में ऊपरी क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के चलते इंदिरा सागर बांध के आठ गेट खोले गए हैं। फिलहाल इंदिरा सागर बांध का जलस्तर 261 दशमलव 40 मीटर पहुंच गया है। इसके साथ ही ओंकारेश्वर बांध के सात गेट खोले गए हैं। हालांकि सतना और मैहर दोनों जिलों में अब तक औसत से कम बारिश हुई है।

———————————